# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने 56 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं को स्वीकृति दी

## चर्चा में क्यों?

हरियाणा सरकार ने सिरसा, हिसार, पलवल, महेंद्रगढ़, झज्जर और रेवाड़ी ज़िलों में **ग्रामीण संवर्धन जल आपूर्ति कार्यक्रम** के तहत **56.4 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाएँ** लागू करने का निर्णय लिया है।

## मुख्य बिंदु:

- मुख्यमंत्री ने **लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित** की जाने वाली इन परियोजनाओं के लिये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की।
- अधिकारियों के अनुसार, जलापूर्ति योजना में शामिल हैं:
  - नियाना गाँव, हिसार में जल आपूर्ति में सुधार के लिये 2.95 करोड़ रुपए;
  - कुरांगवाली, सिरसा में जल आपूर्ति योजना और वितरण प्रणाली को मज़बूत बनाने के लिये 5.9 करोड़ रुपए
  - रेवाड़ी के सात गाँवों में नहर आधारित जलापूर्ति योजना के लिये 16.9 करोड़ रुपए;
  - झज्जर के नेओला ब्लॉक में स्वतंत्र जल कार्य प्रदान करने के लिये 6.2 करोड़ रुपए
  - महेंद्रगढ़ की नांगल सिरोही तहसील में बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण के लिये 2.7 करोड़ रुपए।

## ग्रामीण संवर्धन जल आपूर्ति कार्यक्रम

- इस कार्यक्रम के तहत, गतिविधियों की एक शृंखला शुरू करके गाँवों में मौजूदा पेयजल आपूर्ति सुविधाओं में सुधार/मज़बूतीकरण किया जाता है, जिसमें अतिरिक्त ट्यूबवेलों की ड्रिलिंग, मौजूदा नहर आधारित योजनाओं का विस्तार, नए नहर आधारित जल कार्यों का निर्माण, बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण, मौजूदा वितरण प्रणाली को मज़बूत करना आदि शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-cm-approves-10-projects-worth-56-crore